**SET- B** | **मॉडल पेपर –2019** | **कक्षा–बारहवीं**

**समयः 3 घण्टे** | **विषय :– लेखाशास्त्र** | **पूर्णांक 80**

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. प्रत्येक प्रश्न तीन खण्डों में निर्धारित हैं। (अ, ब एवं स)
2. खण्ड 'अ' के सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं,
3. खण्ड 'ब' एवं 'स' में से कोई भी एक खण्ड हल करना हैं।
4. प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।
5. निर्धारित अंको को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखे।
6. अधिकतम शब्द सीमा का उल्लेख सिर्फ सैद्धांतिक प्रश्नों के लिए ही हैं।

## खण्ड "अ"

### (साझेदारी फर्मो तथा कंपनियों के लिए लेखांकन)

**निर्देश :-**

1. खण्ड 'अ' के सभी प्रश्न सभी परीक्षार्थीयों के लिए अनिवार्य हैं,
2. खण्ड (अ) के प्रश्न क्रमांक 01 से 06 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं तथा वस्तुनिष्ट प्रश्न भी हैं।

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :**

प्रश्न 1. साझेदारी में कम से कम होने चाहिए – **[1]**

(अ) तीन व्यक्ति (ब) दो व्यक्ति
(स) सात व्यक्ति (द) दस व्यक्ति ।

प्रश्न 2. ख्याति हैं – **[1]**

(अ) एक चल सम्पत्ति (ब) एक स्थायी सम्पत्ति
(स) एक मूर्त सम्पत्ति (द) एक कृत्रिम सम्पत्ति

प्रश्न 3. एक सार्वजनिक कम्पनी के सदस्यों की कम से कम संख्या होनी आवश्यक हैं – **[1]**

(अ) पच्चीस (ब) सात
(स) पचास (द) एक सौ

प्रश्न 04. सझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में किस अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैं। **[1]**

प्रश्न 05. एक नव स्थापित व्यवसाय की तुलना में पहले से विद्यमान व्यवसाय को अधिक लाभ अर्जित करने में कौन–सा घटक सहायक होता हैं? **[1]**

प्रश्न 06. कम्पनी की सम्पत्ति पर किसका अधिकार होता हैं? **[1]**

**निर्देश :- के प्रश्न क्रमांक 07 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द हैं।**

प्रश्न 07. ख्याति निकालने के किसी एक विधि का उदाहरण सहित वर्णन करें। **[3]**

प्रश्न 08. Z लि. ने एक भवन 440000 रू. में खरीदा। आधा भूगतान नगदी में किया गया और शेष 12% ऋण पत्रों द्वारा 10% के प्रिमियम पर निर्गमित किया। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। **[3]**

प्रश्न 09. N कम्पनी लिमिटेड के 25रू. वाले 5000 समता अंशों का निर्गमन जिन पर 5रू. प्रति आवेदन पर तथा शेष अंतिम याचना पर देय हैं। सभी राशि यथाविधि प्राप्त हो गई सिर्फ एक अंशधारी ने 100 अंशों पर अंतिम याचना की राशि नहीं चुकाई। उचित विधि द्वारा उनके अंशों का हरण किया गया। आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। **[3]**

प्रश्न 10, गुडलक लिमिटेड ने 100000 की मशीन फेयर डिल्स लि. से खरीदी । कम्पनी ने मूल्य का भुगतान 10 रू. वाले समता अंशो के 25% अधिमूल्य पर निर्गमित किया इन्हें गुडलक की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए । **[3]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 11 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं ।**

प्रश्न 11. अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को किये जाने वाले भुगतान की विधियों का वर्णन कीजिए। **[4]**

अथवा

फर्म का विघटन से आपका क्या आशय हैं? फर्म के विघटन के समय की जाने वाली कोई दो प्रविष्टियाँ लिखिए । **[2+2]**

प्रश्न 12. X, Y तथा Z एक फर्म में साझेदार हैं। उनके लाभ-विभाजन का अनुपात 5:3:2 था । Z को प्रत्येक वर्ष लाभ हिस्से के रूप में न्यूनतम राशि 10000 रू. की गारण्टी दी जाती हैं । कोई भी कमी होने पर इसकी भरपाई Y द्वारा की जाऐगी । 31 दिसंबर 2013 का समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ क्रमशः 40000रू. था । उपरोक्त लेन-देन से लाभ-हानि समायोजन खाता बनाइये । **[2+2]**

अथवा

A और B फर्म में साझेदार हैं। वे लाभालाभ 2:1 के अनुपात में बांटते हैं। उनकी पूंजी क्रमशः 24000रू. 12000रू. हैं। उन्होने C को इस शर्त पर फर्म में साझेदार बनाया हैं कि वह 9000 रू. ख्याति एवं 15000 रू. पूंजी के लिये लायेगा । वह फर्म में 1/3 भाग पाने का अधिकारी होगा। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए । **[2+2]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 13 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 13. X,Y,Z साझेदार हैं। 31 मार्च 2017 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था :- **[2+4]**

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 1800 | मशीनरी | 1200 |
| लाभ हानि खाता | 1200 | फर्नीचर | 400 |
| पूँजी X - 2000 | | स्टॉक | 2650 |
| Y - 1750 | | देनदार | 3780 |
| Z - 1500 | 5250 | रोकड़ | 220 |
| | 8250 | | 8250 |

1 अप्रैल 2017 को A को बराबर के साझेदारी में प्रवेश दिया एवं निम्नशर्तो पर सहमत हुए :-

1. वह 1500रू. ख्याति के तथा 1800 पूंजी के नगद लायेगा ।
2. मशीन और फर्नीचर का मूल्य क्रमशः 950 और 350 रू. आंका जाये ।
3. स्कंध का मूल्य 450रू. से अधिक आंका जाये ।

साझेदारो का पूर्नमूल्यांकन खाता एवं पूंजी खाता बनाइये ।

अथवा

A,B एवं C एक में साझेदार हैं। 1 अप्रैल 2014 को उनकी पूँजी निम्नलिखित थीः- A-60000रू,B-50000रू., एवं C-40000रू. 1 अक्टूबर 2014 को A ने 10000 फर्म को ऋण दिया । तथा (i) पूंजी पर 5% वार्षिक की दर से ब्याज। (ii) साझेदारों को 6% वार्षिक की दर से ऋण पर ब्याज । (iii) C को 1000 रू. प्रतिमाह वेतन

(iv) Y को 500 रू. प्रतिमाह किराया दिया जाऐ। 31मार्च 2015 को समाप्त वर्ष में फर्म का लाभ समायोजन के पूर्व 30300रू. था । लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइये । **[2+4]**

प्रश्न 14. 31 मार्च 2016 को X एवं Y का चिट्ठा निम्नलिखित हैं:- **[3+3]**

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| पूँजी | | भवन | 80000 |
| X - 90000 | | फर्नीचर | 30000 |
| Y - 60000 | 150000 | देनदार | 50000 |
| लेनदार | 50000 | रहतियां | 20000 |
| | | रोकड़ | 20000 |
| | 200000 | | 200000 |

उन्होंने Z को 1/5 भाग के लिए नया साझेदार बनाया जो 20000रू. पूंजी के रूप में तथा 10000रू. ख्याति के रूप में नगद लायेगा। उन्होने (i) भवन को 120000रू. एवं फर्नीचर को 45000रू. पर मूल्यांकित किया (ii) देनदारों को 10% की दर से संदिग्ध ऋण का आयोजन करना हैं। पूर्नमूल्यांकन खाता एवं पूंजी खाता बनाइये ।

अथवा

अमर, अकबर और जॉनी का लाभहानि अनुपात समान हैं। जॉनी 1 अप्रैल 2014 को अवकाश ग्रहण करता हैं उसका 40000रू. का दावा बनता हैं। उसने प्रति वर्ष 10000रू. वार्षिक किश्त लेना स्वीकार किया। उसे अदत्त राशि पर 10% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाता हैं। प्रतिवर्ष 31 मार्च को भुगतान की जाती हैं तथा जॉनी की मृत्यु 25 अप्रैल 2017 को हो जाती हैं। जॉनी का वार्षिकी उचन्त खाता तैयार कीजिए। **[2x3]**

प्रश्न 15. शिव लिमिटेड ने 100 रू वाले 1000, 15% ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये जो निम्नप्रकार देय हैं:- आवेदन पर 25रू. (5रू.प्रीमियम सहित), आबंटन पर 25रू. (5रू प्रीमियम सहित), प्रथम व अंतिम याचना पर 60रू. 1400 ऋण पत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए।सभी राशि समय पर प्राप्त हुई आवेदन पर प्राप्त अधिक राशि का प्रयोग आबंटन के लिए करना हैं।आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। **[2x3]**

अथवा

पटना लि. ने 1जनवरी 2016 को 5000 समता अंश आवेदन पर 20रू., प्रति अंश आबंटन पर 30रू., शेष प्रथम एवं अंतिम याचना पर समस्त राशि यथासमय प्राप्त हुई ।आवश्यक पंजी विविष्टि कीजिए । **[2x3]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 16 से 17 तक अति दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं ।प्रत्येक प्रश्न पर 08 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 16. खन्ना सेठ तथा मेहता एक फर्म 3:2:5 अनुपात में लाभहानि बॉठत हैं। 14 मार्च 2017 को सेठ की मृत्यु हो गईं। चिट्ठे में निम्न परिवर्तन किया जाए (i) भूमि भवन को 120000रू. से बढ़ाया जाऐ । (ii) मशीनरी का मूल्य 135000रू. तथा स्टॉक का 25000रू. तक करना हैं। (iii) संदिग्ध ऋण के लिए 2.5% का प्रावधान हैं। चिट्ठा निम्न प्रकार हैं:- **[4+4]**

चिट्ठा ( 31.12.2016 को)

| दायित्व | | राशि | संपत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी | | | ख्याति | 300000 |
| खन्ना | 300000 | | भूमि-भवन | 500000 |
| सेठ | 200000 | | मशीनरी | 170000 |
| मेहता | 500000 | 1000000 | स्टॉक | 30000 |
| सामान्य संचय | | 100000 | देनदार | 120000 |
| सेठ से ऋण | | 50000 | रोकड़ | 45000 |
| लेनदार | | 75000 | लाभ-हानि ख | 60000 |
| | | 1225000 | | 1225000 |

आप पूर्नमूल्यांकन खाता एवं पूँजी खाता बनाइये ।

अथवा

A,B,C एक साझेदार हैं जिसका लाभ-हानि अनुपात 4:3:2 हैं। उनका चिट्ठा निम्न प्रकार हैं:- **[4+4]**

| दायित्व | | राशि | संपत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी | | | भूमि-भवन | 55000 |
| A | 40000 | | मोटर कार | 15000 |
| B | 20000 | | स्टॉक | 20000 |
| C | 10000 | 70000 | देनदार | 18000 |
| लेनदार | | 40000 | रोकड़ | 2000 |
| सेठ से ऋण | | | | |
| लेनदार | | | | |
| | | 110000 | | 110000 |

वे लोग उसी तिथि को विघटन के लिये सहमत हुए। A स्टॉक और देनदार को 10% बट्टा पर लेगा । B ने 16000रू. मोटर कार ली। भूमि भवन 75000रू. में बेचा गया एवं वसुली व्यय 1600रू. हुए। लेनदार को 1.5% बट्टे पर निपटाया गया हैं । वसुली खाता एवं रोकड़ खाता बनाइये ।

प्रश्न 17. ज्योति कं. ने 100 रू वाले 10000 अंशों के लिये आवेदन आमंत्रित किया जिसका निम्न प्रकार देय था:- आवेदन पर 20%, आबंटन पर 30%, प्रथम याचना पर 40%, अन्तिम याचना पर 10% । 12000 अंशों के आवदेन प्राप्त हुए 8000 अंशों के आवेदको को सभी अंश आंबंटित किये गये जितने की आवेदन लिया गया। एक आवेदन जिसने 4000 अंशों के लिये आवेदन किया था सिर्फ 2000 अंशों आबंटित किये गये, शेष आवेदन राशि आबंटन पर समायोजित किया गया। सभी याचनाएँ कि गई और 600 अंशों पर अन्तिम याचना को छोड़कर सभी राशि प्राप्त कर ली गईं। कंपनी की पुस्ताकें में आवश्यक पंजी प्रविष्ठियाँ कीजिए । **[8]**

अथवा

नेशनल कं लि. ने 10रू. वाले 5000 अंश 2 रू. प्रति अंश के प्रीमियम पर जारी किये गये जिस पर 5रू. आवेदन तथा 7 रू आबंटन पर (प्रीमियम सहित) देय थें । रमेश जिसे 200 अंश आबंटित किये गये थे आबंटन की राशि चुका नहीं पाया। उसके अंश कंपनी द्वारा जब्त कर लिये गये । इन जब्त अंशो में से

100 अंश ब्रजेश को 8 रू. अंश के लिए पूर्ण चुकता रूप में आबंटित किया गया । सभी आवश्यक पंजी तथा अंश को हरण एवं पुनः निर्गमन की भी लेखा करे । **[4+4]**

## खण्ड "ब"

### (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 18 से 19 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं ।**

प्रश्न 18. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :- **[1]**

लाभ तथा हानि का विवरण कहलाता हैं :-

(अ) आय विवरण (ब) लाभ विवरण

(स) हानियों का विवरण (द) व्यय का विवरण ।

प्रश्न 19. चिट्ठा कब तैयार किया जाता हैं? **[1]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 20. 31दिसंबर 2016तथा2017को ऊषा लि. के निम्नांकित चिटठ्े से एक तुलनात्मक चिट्ठा तैयार करें **[4]**

| विवरण | नोट | 2016 | 2017 |
|---|---|---|---|
| (I)समता एवं दायित्व | | | |
| अंशधारीयों का संचय | | | |
| a. अंशपूँजी | | 500000 | 1000000 |
| b. आधिक्य और संचय | | 300000 | 200000 |
| अचल दायित्व | | | |
| दीर्घकालीन ऋण (12%) | | 500000 | 800000 |
| चल दायित्व | | 200000 | 400000 |
| | | 1500000 | 2400000 |
| (II)सम्पत्तियाँ | | | |
| अचल सम्पत्तियाँ | | | |
| स्थाई सम्पत्तियाँ | | 1000000 | 1500000 |
| चल सम्पत्तियाँ | | 500000 | 900000 |
| | | 1500000 | 2400000 |

अथवा

निम्न सूचनाओं से समानाकार चिट्ठा बनाइये । **[4]**

| विवरण | 31.03.2017 | 31.03.2018 |
|---|---|---|
| स्थाई सम्पत्तियाँ | 250000 | 560000 |
| विनियोग | 120000 | 112000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 130000 | 128000 |
| समता अंश पूँजी | 300000 | 520000 |
| संचय एवं आधिक्य | 125000 | 136000 |
| चालू दायित्व | 75000 | 144000 |

प्रश्न 21. रोकड़ प्रवाह विवरण से आप क्या समझते हैं? तथा रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई तीन उपयोग लिखिए। **[1+3]**

अथवा

रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने की प्रक्रियाँ का वर्णन कीजिए । **[4]**

प्रश्न 22. आशोका लिमिटेड का परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए, प्रत्यक्ष विधि द्वारा **[4]**

| विवरण | राशि (रू.) | विवरण | राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| नगद बिक्रि | 600000 | किराया दिया | 10000 |
| देनदारों से प्राप्त रोकड़ | 24000 | आफिस खर्च दिया | 4000 |
| नगद क्रय | 300000 | बीमा दावा (स्टाक हानि प | 50000 |
| लेनदारों को भुगतान | 16000 | आयकर | 50000 |
| वेतन दिया | 28000 | कर वापसी प्राप्त | 12000 |
| कमीशन दिया | 20000 | अधिकार शुल्क प्राप्त | 30000 |

अथवा

गुडलक लि. के स्थिति विवरणों से संशोधित लेखांकन मानक-3 के अनुसार अप्रत्यक्ष विधि से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए । **[4]**

| विवरण | नोट | 31.12.2016 | 31.12.2016 |
|---|---|---|---|
| (I)समता एवं दायित्व | | | |
| अंशधारीयों का संचय | | | |
| a. अंशपूँजी | | 225000 | 250000 |
| b. आधिक्य और संचय | | 35000 | 59000 |
| चालु दायित्व | | | |
| लेनदार | | 38500 | 50500 |
| | | **298500** | **359500** |
| (II)सम्पत्तियाँ | | | |
| अचल सम्पत्तियाँ | | | |
| प्लाण्ट एवं मशीनरी | | 120000 | 160000 |
| ख्याति (अमूर्त) | | 36000 | 20000 |
| चालु सम्पत्तियाँ | | | |
| स्टॉक | | 10000 | 15000 |
| देनदार | | 119000 | 154500 |
| रोकड़ | | 13500 | 10000 |
| | | **298500** | **359500** |

मशीन पर 30000 ह्रास काटा गया

| खातो के नाट्स | 31.12.2016 | 31.12.2016 |
|---|---|---|
| संचय व आधिक्य | | |
| सामान्य संचय | 20000 | 35000 |
| लाभ हानि का विवरण | 15000 | 24000 |
| | 35000 | 59000 |

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । जिस पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 125 शब्द हैं ।**

प्रश्न 23. वित्तीय विवरण के विश्लेषण से क्या आशय हैं? उनके दो उद्देश्य एवं दो सीमाएँ लिखिए? **[2+2+2]**

अथवा

चालु अनुपात एवं सरल (त्वरित) अनुपात में अंतर लिखिए कोई छः । **[2x3]**

## खण्ड "स"

## ( कम्प्यूटर लेखांकन )

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 18 से 19 तक अतिलघुउत्तरी प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 1अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में देना हैं ।**

प्रश्न 18 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (सही विकल्प बताइये )

1. DBA कहलाता हैं :– **[1]**

   (अ) डाटाबेस का आधार (ब) डाटाबेस एप्लिकेशन

   (स) डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन (द) डाटाबेस एडमिन

प्रश्न 19. कम्प्यूटर का दिमाग किसे कहते हैं? **[1]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04अंक निर्धारित हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं ।**

प्रश्न 20. कम्प्यूटर लेखांकन प्रणाली के लक्षण लिखिए ।(कोई चार) **[1x4]**

अथवा

कम्प्यूटर लेखांकन प्रणाली के लाभों को समझाइये । (कोई चार) **[1x4]**

प्रश्न 21. डाटाबेस के प्रमुख लक्षणों को समझाइये । (कोई चार) **[1x4]**

अथवा

डाटाबेस के उद्देश्यों को समझाइये ।(कोई चार) **[1x4]**

प्रश्न 22. इलेक्ट्रॉनिक विस्तार पत्र की चार विशेषताएँ लिखिए । **[1x4]**

अथवा

इलेक्ट्रॉनिक विस्तार पत्र लेखांकन की उपयोगिता लिखिए । (कोई चार) **[1x4]**

**निर्देश :- प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न पर 06 अंक निर्धारित हैं । जिस पर आंतरिक विकल्प हैं । उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 125 शब्द हैं ।**

प्रश्न 23. . पे-रोल के घटकों को समझाइये ।(कोई छः) [1x6

अथवा

डाटाबेस प्रबंध प्रणाली एवं रिलेशनशिप डाटाबेस प्रबंध प्रणाली में अंतर बताइये (कोई छः) **[1x6]**